प्रेस नोट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर दिनांक 05.11.2022

आपराधिक न्यासभंग करने के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार, मोबाइल फोन बरामद

जनपद गोरखपुर में अपराध एवं अपराधियो पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्ग निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैण्ट के कुशल मार्गदर्शन में शशि भूषण राय प्रभारी निरीक्षक कैण्ट पुलिस की टीम थाना स्थानयी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 459/2022 धारा 392 भादवि तरमीम धारा-406 भादवि व बढोत्तरी धारा 411 भादवि से संबंधित अभियुक्त सुरेन्द्र जायसवाल पुत्र मोती जायसवाल निवासी भैसा रानी थाना बांसगाव जनपद गोरखपुर के कब्जे से एक अदद अमानत से खयानत की मोबाईल को बरामद करते हुए गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का विवरण/पूछताछ-

आवेदक अमित द्वारा दिनांक 01/07/2022 अपने घर से काला आटो से गोरखपुर (बिलंदपुर) के लिए जा रहे थे ,जो अपने अस्थाई निवास स्थान प्लैटिनम एम0 आर0 आई0 हॉस्पिटल थाना कैण्ट, गोरखपुर के पास उतरे जहाँ एक अज्ञात आटो वाले द्वारा उनके हाथ से मोबाईल छीन कर भाग जाने के सम्बन्ध में यू0पी0काप के माध्यम से थाना कैण्ट पर मु0अ0सं0 459/2022 धारा 392 भादवि पंजीकृत हुआ था। दौरान विवेचना साक्ष्य संकलन से मुकदमा उपरोक्त में धारा 392 भादवि से धारा 406 भादवि में तरमीम करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त की पतारसी सुरागरसी करते अभियुक्त सुरेन्द्र जायसवाल पुत्र मोती जायसवाल निवासी भैसा रानी थाना बांसगाव जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मैं अपने गाँव से आटो लेकर गोरखपुर आ रहा था जहाँ आटो में बैठे एक सवारी से उसका मोबाइल बात करने के लिए माँगा। मोबाइल से बात करने के बाद उक्त मोबाइल को मैं अपने पास रख लिया और सवारी को प्लेटिनम एम आर आई बिलन्दपुर के पास उतार दिया और उस मोबाइल को मैं कुछ दिन प्रयोग करने का बाद आज बलदेव प्लाजा में बेचने के लिए आ रहा था कि आप लोगो द्वारा मुझे पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

सुरेन्द्र जायसवाल पुत्र मोती जायसवाल निवासी भैसा रानी थाना बांसगाव जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 459/2022 धारा 406 भादवि व बढोत्तरी धारा 411 भादवि थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

बरामदगीः-

सैमसंग का मोबाइल काले रंग का स्क्रिन टच

गिरफ्तारी की टीम-

1. **प्रभारी निरीक्षक श्री शशि भूषण राय थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर**
2. उ0नि0 शम्भू प्रसाद साहनी थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
3. का0 राजीव यादव थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
4. का0 कमलेश यादव थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर